>

Title: Regarding nuclear power plant at Jaitapur.

MR. CHAIRMAN: Item no.15. Shri Basu Deb Acharia.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. ...(*Interruptions*)

You made your point. Now, go to your place.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Nuclear power plant at Jaitapur should be stopped. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I allow your leader to say something. Mr. Acharia, please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats and do not disturb the House. Mr. Acharia, I will give you ten minutes.

SHRI BASU DEB ACHARIA: I will take one minute on this Jaitapur.

MR. CHAIRMAN: No, please take your seat.

14.02 hrs.

_

At this stage Shri Anand Prakash Paranjpe and some other hon. Members went back to their seats

श्री अनंत गंगाराम गीते (रायगढ़): सभापति जी, जैतापुर न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट के विरोध में जैतापुर के किसान स्पेशल ट्रेन करके यहां जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हुए हैं। वहां न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट को लेकर पूरे कोंकण क्षेत्र में आज लोगों में आतंक व्याप्त है। लोगों के मन में भय है और इसके प्रति कड़ा विरोध है। वहां की जनता इस न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट को नहीं चाहती है। फिर भी भारत सरकार वहां पर जबर्दस्ती यह प्रोजेक्ट लगाना चाहती है। वहां पर आंदोलन हो रहे हैं। एक किसान की हत्या भी हो गई है जिसे महाराष्ट्र की पुलिस ने गोली मार कर खत्म कर दिया था। यह आंदोलन और भी तेज हो जाएगा, ऐसी स्थिति में जबकि जैतापुर से आकर हजारों किसान यहां पर न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट के खिलाफ धरने पर बैठे हुए हैं और सरकार अपनी मनमानी कर रही है, सरकार ज्यादती कर रही है। यह खतरा केवल कोंकण क्षेत्र के लिए ही नहीं है बल्कि गोआ से लेकर कोंकण और मुम्बई तक के लिए सबसे बड़ा खतरा है। एक-एक न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट का एक-एक रिएक्टर, एक-एक बम वहां पर है और आज इस देश को सबसे बड़ा खतरा आतंक का है। रोजाना हमले हो रहे हैं। 13 जुलाई को मुम्बई में तीन-तीन सीरियल बम ब्लास्ट हो गये। आज भी हमारे यहां आगाह किया जा रहा है कि आप सतर्क रहिएगा। किसी भी समय मुम्बई पर फिर हमला हो सकता है। ऐसी स्थिति में जब यह न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट लगेगा क्योंकि जो सुनामी जापान के अंदर आई, उससे सारी दुनिया में जहां पर भी न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट हैं, वहां सारे देश आज उस पर पुनर्विचार कर रहे हैं। वे न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट बंद करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में भारत सरकार देश की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना चाहती है और जबर्दस्ती यह न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट लगाना चाहती है। इसलिए हमारा उसके लिए विरोध है।...(व्यवधान) जो जनता यहां धरने पर आकर बैठी है, उस जनता की भावना का हम सभी को सम्मान करना चाहिए और सरकार को वहां न्यूक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट नहीं लगाना चाहिए और हमेशा के लिए उसे रद्द करना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You made your point. You may associate with him.

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): सभापति जी, जो विषय अनंत गीते जी ने उठाया है, अपने पूरे दल की तरफ से मैं इस विषय के साथ सम्बद्ध हूं और सरकार से निवेदन करती हूं कि फुकुशिमा की घटना के बाद सिविल न्यूक्लिअर एनर्जी के पूरे के पूरे विषय पर हमें पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। उसके बाद ही हम आगे बढ़ें। पहले इस पर पुनर्विचार करके एक बहुत ही समुचित नीति हम बनाएं। उसके बाद कोई आगे निर्णय लें, तब तक तमाम चीजें रोक देनी चाहिए।

SHRI BASU DEB ACHARIA : Thousands of people from Maharshtra have come today to protest against setting up of a nuclear plant at Jaitapur.

MR. CHAIRMAN : That has already been said. You just associate yourself with it.

SHRI BASU DEB ACHARIA: I demand, after Hukushima accident, after tsunami in Japan, the Government should review and scrap the setting up of a nuclear power plant at Jaitapur in Maharashtra forthwith.

SHRI SHARAD YADAV (MADHEPURA): We associate ourselves with this issue.

MR. CHAIRMAN: Sarva Shri Arjun Ram Meghwal, M.B. Rajesh, Khagen Das, Dr. Tarun Mandal, Prashant Kumar Majumdar, Sheikh Saidul Haque and P. Karunakaran also associate themselves with this issue.

श्री अनंत गंगाराम गीते : हम इसके विरोध में आज सदन का बहिष्कार करते हैं।

14.07 hrs.

Shri Anand Gangaram Geete and some other hon. Memebrs then left the House

...(*Interruptions*)